दिनांकः 23.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ाई गयी–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सउदी अरब की यात्रा से वापस लौटें
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा –सदी का भविष्य भारत और अमेरिका के साझा व्यापारिक संबंधों पर निर्भरं
- प्रदेश में बिजली कंपनियों के कार्मिकों को अब एक करोड़ रूपये तक का बीमा कवर दिया जायेगां
- कोटा में अंडर–20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्नं

0000

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में कल आतंकवादी हमले में कई पर्यटकों की हत्या की घटना को देखते हुए कश्मीर घाटी में सुरक्षा कई गुना बढ़ा दी गयी हैं यह घटना दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में श्रीनगर से लगभग 85 किलोमीटर दूर हुई इस घटना में शामिल आंतकियों को पकड़ने के लिए सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू–कश्मीर पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही हैं सुरक्षा बलों के सूत्रों के अनुसार लोगों के बचाव और उनकी पहचान के प्रयास जारी हैं घटना में मारे गए लोगों की कुल संख्या़ का पता लगाने के लिए पीडितों की सूची बनाई जा रही हैं जम्मू–कश्मीर सरकार ने श्रीनगर और अनंतनाग में आपातकालीन सहायता डेस्क बनायी है जो 24 घंटे काम करेगीं इस बीच गृह मंत्री अमित शाह देर रात श्रीनगर पंहुचें उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कीं गृह मंत्री आज उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ घटनास्थल पर जाएंगें इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी हमले के मद्देनजर सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गएं आगमन के तुरंत बाद, श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक कीं उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार–विमर्श कियां
राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आतंकी हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए इसकी घोर निंदा की हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त की हैं विश्व के कई नेताओं ने इस हमले की निंदा की हैं भारत आये अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वैंस ने सोशल मीडिया पोस्ट में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की हैं

00000

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने एक राष्ट्र एक चुनाव को देशहित में बताया हैं उन्होंने कल अपने दौसा प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि बार–बार चुनाव होने से देश के विकास में अवरोध पैदा होता हैं

......

0000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा है कि सदी का भविष्य भारत और अमेरिका के साझा व्यापारिक संबंधों पर निर्भर करता हैं उन्होंने कल जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका और भारत ने व्यापार वार्ता के लिए अधिकारिक तौर पर शर्तों को अंतिम रूप दिया है, जो दोनों देशों के बीच एक रोडमैप तैयार करता हैं उपराष्ट्रपति वेन्स ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की आलोचना की जा रही है, जबकि उन्होंने संतुलित ट्रेड का माहौल बनाया हैं श्री वेन्स ने भारत में नये घरों के निर्माण और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सुविधाएं विकसित करने की साझेदारी पर भी ज़ोर दिया हैं उपराष्ट्रपति वैंस अपने चार दिवसीय भारत प्रवास के तीसरे दिन आज आगरा जा रहे हैं उनका दोपहर तक वापस जयपुर लौटने का कार्यक्रम हैं

0000

प्रदेश में बिजली कंपनियों के कार्मिकों को अब एक करोड़ रूपये तक का बीमा कवर दिया जायेगां इसके लिए भारतीय स्टेट बैंक और विद्युत निगमों के बीच एमओयू किया गया हैं कल जयपुर में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विशम परिस्थितियों में काम करने वाले बिजली कंपनियों के 57 हजार कर्मियों के प्रति संवेदनशील हैं उन्होंने बताया कि एमओयू के तहत विद्युतकर्मियों की व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने या स्थायी निशक्तता की स्थिति में ये व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा उपलब्ध होगां वहीं आंशिक रूप से अशक्तता की स्थिति में 80 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जाएगां इसके अलावा 10 लाख रुपये के सामूहिक सावधि जीवन बीमा के साथ ही अन्य आर्थिक सहायता तथा सुविधाएं भी दी जायेगीं

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं उन्होंने कहा कि नए को–ऑपरेटिव कोड से सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगां श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर नए को–ऑपरेटिव कोड के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि नये सहकारिता कोड में आमजन को सहकारी सुविधा तथा जन कल्याणकारी योजनाओं तक सुगम पहुंच निश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं

इनमें डिजिटल गवर्नेंस, ग्राम सेवा सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन और नियमित चुनाव जैसे प्रावधान शामिल हैं गौरतलब है कि राजस्थान सहकारिता अधिनियम–2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए नया को–ऑपरेटिव कोड लाया जा रहा हैं

0000

जोधपुर के काजरी में केन्द्रीय पौधशाला में खेजड़ी के अच्छे गुणवत्तायुक्त, स्वस्थ पौधे तैयार कर उचित दर पर किसानों को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं शुष्क और अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों के लिए खेजड़ी एक अनुकूलित वृक्ष हैं कलमी खेजड़ी के सांगरी और चारा उत्पादन से किसानों को अच्छी आय प्राप्त हो रही हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि इसकी बाजार में पूरे साल मांग रहती हैं

......

0000

राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की ओर से कोटा में आयोजित अंडर–20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता कल सम्पन्न हुई केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से और राज्य के खेल मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने समापन कार्यक्रम में शिरकत कीं केन्द्रीय मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से पिछले दस वर्षो में खेल और खिलाडियों को बढावा मिला हैं इससे ओलम्पिक, एशियन गेम्स और अन्य अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पदकों की संख्या बढ़ी हैं खेल मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड ने कहा कि विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राजस्थान के खिलाड़ी भी अधिक से अधिक पदक लाएं इसके लिए राज्य सरकार, केंद्र की तर्ज पर टार्गेट ओलम्पिक पोडियम योजना चलाएगीं इसके साथ ही प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम भी बनाये जायेंगें राजस्थान में कुश्ती के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने की दिशा में भी राज्य सरकार हर तरह से सहयोग के लिये तैयार हैं

......

गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने कुल 16 गोल्ड मैडल जीतें दिल्ली दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहां वहीं राजस्थान ने एक स्वर्ण और 7 कांस्य पदक हांसिल कियें

00000